## खबर संक्षेप

### फायरिंग एवं ऑप्टिकल ट्रेनिंग आयोजित

**छिन्दवाड़ा।** 24 एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमनजीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में छिंदवाड़ा, सिवनी एवं पांढुर्णा जिलों के 600 एनसीसी कैडेट्स विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता कर रहे हैं। शिविर के तीसरे दिन प्रातःकाल पीटी एवं योगाभ्यास आयोजित किया गया।इस दौरान एएनओ एवं पीआई स्टाफ द्वारा कैडेट्स को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के संतुलन, अनुशासन तथा फिटनेस से संबंधित प्रभावी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया । इसके बाद 24 एमपी बटालियन द्वारा एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग गतिविधियों एवं हथियारों से वाकफियत का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ऑप्टिकल ट्रेनिंग के माध्यम से शारीरिक रूप से सक्षम कैडेट्स को भविष्य की भारतीय सशस्त्र सेनाओं हेतु तैयार किया गया। तीन जिलों की 34 सब यूनिट्स से आए 11 एनसीसी अधिकारियों, 1 सूबेदार मेजर, 4 जेसीओ, 7 पीआई स्टाफ एवं सिविल स्टाफ के अनुशासित एवं समर्पित सहयोग से 600 कैडेट्स सैन्य जीवन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

### डी.एल.एड में प्रवेश प्रकिया प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान छिन्दवाड़ा के प्राचार्य ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र के दिशा निर्देशों के अनुसार सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिन विद्यार्थियों को प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोउपाधि (D.El.Ed) में प्रवेश लेना है। वे 15 मई से 29 मई 2026 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। डीएलएड के लिये छिन्दवाडा जिले में 01 शासकीय संस्था एवं 07 अशासकीय संस्थाएँ संचालित हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन है। अतः अभ्यर्थी जिले के किसी भी ऑनलाईन सेंटर पर अपना आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिये न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## सेठिया गांव में जमीनी विवाद गरमाया, एसडीएम कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद जबरन कब्जा कराने का आरोप

# पुलिस पर लगाए जमीन पर जबरन कब्जा करवाने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया, साजिद खान

शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेठिया के किसान चोखेलाल राय और उसके पुत्र विकास राय ने शिवपुरी पुलिस पर उनकी जमीन पर जबरन दूसरे पक्ष का कब्जा कराने का आरोप लगाया है । इस सम्बन्ध में पीड़ति पक्ष ने पुलिस के आला अधिकारियों से शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और उनके साथ न्याय करने की मांग रखी है ।

परासिया के सेठियां गांव में जमीनी विवाद गहराते जा रहा हैं । पीड़ित पक्ष ने एसपी कार्यालय पहुंचकर आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है । पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है , कि पुलिस ने दूसरे पक्ष का साथ दिया है ।

दरअसल पीड़ित पक्ष की शामिल शरीक कृषि भूमि ग्राम सेठिया , तहसील परासिया में स्थित है । उनमें से एक खसरा नम्बर 18/1 रकबा 1.574 है । पीड़ति पक्ष का दावा है , कि उक्त भूभाग पर उनका विगत 35 - 40 वर्षों से कब्जा चला आ रहा है । उसके पूर्व उनके पूर्वजों का कब्जा था । उपरोक्त भूमि पूर्व में शामिल शरीक थी। जिसे शामिल खातेदार भुवनलाल ने बंटवारा के लिए वर्ष 2007 में र 36. आवेदन प्रस्तुत किया था । जिसमें 17 मार्च 2008 को बंटवारा आदेश पारित किये गये थे । जिसके विरुद्ध पीड़ित पक्ष ने एसडीएम न्यायालय में अपील प्रस्तुत की थी । जिसमें एसडीएम ने तहसीलदार को पारित आदेश 17 मार्च 2008 को निरस्त कर दिया गया था ।

पीड़ति पक्ष का यह भी आरोप है , कि दूसरे पक्ष के द्वारा एसडीएम के पारित आदेश को छुपाकर तहसीलदार के पारित बंटवारा आदेश के माध्यम से तत्कालीन संबंधित हल्का पटवारी और अन्य कर्मचारियो से सांठगांठ कर धोखे के अपना नाम दर्ज करा लिया गया । जबकि उपरोक्त भूमि उसके पूर्व भी हमारे कब्जे में थी और आज भी



### एसडीएम कोर्ट में लंबित मामला

दूसरे पक्ष ने पीड़ित के विरुद्ध तहसीलदार न्यायालय में उपरोक्त भूमि से कब्जा हटाने वर्ष 2024 -25 मामला प्रस्तुत किया था । जिसमें तहसीदार ने उपरोक्त प्रकरण खारिज कर दिया । जिसके विरुद्ध पुनः एसडीएम न्यायालय में राजस्व अपील प्रस्तुत की गई है , जो विचाराधीन है । जिसकी सुनवाई 12 मई 2026 को होने से पहले ही पुलिस के संरक्षण में 100 से अधिक बाहरी तत्वों को लाकर जबरन कब्ज़ा कर लिया गया ।

### पीड़ितों ने पुलिस पर लगाए आरोप

पीड़ित पक्ष ने अपनी भूमि के संबंध में टीआई एवं अन्य पुलिस बल को जानकारी दी । उपरोक्त भूमि के संबंध में एसडीएम के न्यायालय में मामला विचाराधीन है । इसके बावजदू टीआई ने इस निर्देश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई । पुलिस के ही सामने ही बल पूर्वक भूमि पर मशीन चलाई गई और फंसिंग भी लगा दी गई । पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया है , कि दूसरे पक्ष पर हल्की फुल्की कार्रवाई कर मामले को टाल दिया गया ।

### कोई कब्ज़ा नहीं कराया, सीमांकन कराने की सलाह दी

थाना प्रभारी कंचन सिंह राजपूत ने बताया कि उन्हें सेठिया में दो पक्षो के बीच विवाद होने की खबर मिली थी । मौके पर पहुंचकर दो पक्षो से बात की गई । दस्तावेज देखे गए । दोनों पक्ष अपनी अपनी भूमि पर काम कर रहे थे । जो शिकायत हुई उसके आधार पर कार्रवाई की गई है । दोनों पक्षो को सीमांकन कराने की सलाह दी गई है ।

# तेज रफ्तार डम्पर की टक्कर से युवक की मौत, चालक मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

छिंदवाड़ा जिले के दमुआ थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद डम्पर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सरिता भन्नारे पति स्वर्गीय संदीप भन्नारे, उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 10 पुरैना खालसा दमुआ ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया गया कि उनके पति संदीप भन्नारे 14 मई 2026 को एक शादी समारोह में शामिल होने चित्रांश लॉन, नीमढाना गए हुए थे।

रात करीब 9:35 बजे लॉन के सामने सड़क पर संदीप भन्नारे एवं एक महिला को तेज रफ्तार डम्पर क्रमांक एमपी 04 एचई 5406 के अज्ञात चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में संदीप भन्नारे गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि साथ मौजूद महिला भी घायल हो गई।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जुन्नारदेव भेजा गया। वहीं संदीप भन्नारे की हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी चालक हादसे के बाद डम्पर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मामले में थाना दमुआ में अपराध क्रमांक 74/2026 के तहत धारा 281, 125(1), 106(1) बीएनएस एवं मर्ग क्रमांक 29/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

मृतक के शव का पोस्टमार्टम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दमुआ में कराया गया।फिलहाल पुलिस फरार डम्पर चालक की तलाश और मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# पुलिस की त्वरित कार्रवाई, हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

छिंदवाड़ा जिले के तामिया थाना पुलिस ने हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में गंभीर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता हासिल हुई।

कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जुन्नारदेव सुनील कुमार बरकड़े के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी आशीष कुमार जैतवार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने की।पुलिस के अनुसार 6 मई 2026 को प्रार्थी अश्वनी यदुवंशी निवासी



चिखली बस्ती न्यूटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 मई की रात गोविंद यदुवंशी और सुनील यदुवंशी शादी समारोह में शामिल होने तामिया गए थे। रात करीब 1 बजे सुनील ने फोन कर बताया कि ग्राम ढुलनिया में एक व्यक्ति दोनों के साथ मारपीट कर रहा है, जिसके बाद वह अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गया, जबकि गोविंद यदुवंशी पर लकड़ी से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल गोविंद को इलाज के लिए नागपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

मामले की जांच के दौरान प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ में अजय भारती का नाम सामने आया। पुलिस ने अपराध क्रमांक 96/26 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। बाद में घायल की हालत गंभीर होने पर धाराओं में बढ़ोतरी की गई। पुलिस टीम ने 9 मई को आरोपी अजय भारती को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त लकड़ी और मोटरसाइकिल जब्त की। पूछताछ में अजय ने राजेन्द्र भारती के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके बाद दूसरे आरोपी राजेन्द्र भारती को भी 13 मई को गिरफ्तार कर लिया गया।

14 मई को गोविंद यदुवंशी की उपचार के दौरान मृत्यु होने पर प्रकरण में हत्या की धारा 103(1) बीएनएस जोड़ दी गई। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।कार्रवाई में उप निरीक्षक रामकिरण बरमैया, प्रधान आरक्षक आकाश मालवीया तथा आरक्षक संतोष, सोमवीर और रोहित की सराहनीय भूमिका रही।

### संगम-2 बांध के पुर्नवास के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा सिंचाई काम्प्लेक्स परियोजना के अंतर्गत संगम-2 बांध के पुनर्वास के लिए धारा-17 की कार्यवाही के लिए प्रशासक द्वारा कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में ग्राम भवारी रैय्यत में पुनर्वास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रस्तावित पुनर्वास किए जा रहे कृषकों को पुनर्वास में दिए जा रहे लाभ एवं सुविधाओं को विस्तृत रूप में साझा किया। इसके साथ ही शासन की ग्रामीण क्षेत्र में मुआवजे देने के लिए गुणांक 2.0 किया गया है, इसकी जानकारी भी कृषकों को दी गई। अंत में परियोजना के विशेष पैकेज की स्वीकृति एवं उससे मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग की ओर से कार्यपालन यंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

### किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के लिये जिले में चलेगा कृषि रथ

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप मे मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे कृषि, कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता, मत्स्यपालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिकी तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों तक पहुंचाने के उद्धेश्य से खरीफ फसलों की बुआई के पूर्व प्रत्येक विकासखंड में 16 मई 2026 से कृषि रथ चलाये जायेंगे । जिला मुख्यालय एवं विकासखंड स्तर पर कृषि रथ का संचालन का शुभारंभ 16 मई से 10 दिवस के लिये जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जायेगा। कृषि रथ रूटचार्ट के अनुसार ग्राम पंचायत, सेवा सहकारी समितियों में भ्रमण करेगा, जिसमें कृषि वैज्ञानिक, कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता, मत्स्यपालन, राजस्व विभाग के पटवारी उपस्थित होकर किसानों को तकनीकी एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायेंगे।

# आगजनी से राहत के साथ पेयजल संकट में भी सहायक बनेगा फायर फाइटर टैंकर

### विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने दी बहुउपयोगी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ हर्रई

क्षेत्रवासियों को मिली बड़ी राहत, क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आगजनी की घटनाओं, ग्रामीण क्षेत्रों में अग्निशमन संसाधनों की कमी तथा गर्मी के मौसम में उत्पन्न होने वाले पेयजल संकट को देखते हुए क्षेत्रवासियों को अब बड़ी राहत मिली है।

क्षेत्रीय विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह द्वारा सुरलाखापा, धनौरा एवं बटका खापा क्षेत्र के लिए आधुनिक फायर फाइटर टैंकर उपलब्ध कराया गया है, जिसे क्षेत्र के लिए बहुउपयोगी सुविधा माना जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से फायर ब्रिगेड वाहन की मांग की जा रही थी। गर्मी के मौसम में खेतों, फसल भूसे, जंगलों, मकानों और दुकानों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने से किसानों एवं व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। कई बार दूर से फायर ब्रिगेड पहुंचने में देरी होने के कारण आग विकराल रूप ले लेती थी। ऐसे में स्थानीय स्तर पर फायर फाइटर टैंकर उपलब्ध होने से अब आगजनी की घटनाओं पर शुरुआती समय में ही तेजी से नियंत्रण पाया जा सकेगा।

यह फायर फाइटर टैंकर आधुनिक सुविधाओं से युक्त वाहन है, जिसमें बड़ी पानी टंकी, हाई प्रेशर मोटर पंप, पाइप लाइन एवं तेज स्प्रे सिस्टम लगाया गया है।

यह वाहन कम समय में घटनास्थल तक पहुंचकर आग बुझाने का कार्य करेगा। विशेष रूप से ग्रामीण एवं संकरी सड़कों वाले क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता अधिक मानी जा रही है। आग बुझाने के साथ पेयजल आपूर्ति में भी सहायक हेफायर फाइटर टैंकर की सबसे बड़ी विशेषता इसकी बहुउपयोगी व्यवस्था है।

आग बुझाने के साथ-साथ यह वाहन जल संकट के समय आम जनता तक पानी पहुंचाने में भी सहायक होगा। गर्मी के मौसम में कई गांवों में पेयजल समस्या उत्पन्न हो जाती है, ऐसे समय में इस टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति कर लोगों को राहत दी जा सकेगी। इसके अलावा धार्मिक आयोजनों, मेलों, सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं आपदा राहत कार्यों में भी यह वाहन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



### जनता ने जताया आभार

क्षेत्रीय जनता ने विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जनहित में बड़ी उपलब्धि बताया है। लोगों का कहना है कि इस सुविधा से क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं में होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा ।

# निगम की शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के आदेशानुसार शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में निगम अमले द्वारा इतवारी बाजार, मोहबे मार्केट, मिर्ची बाजार, सेंट्रल बैंक के पास, बुधवारी बाजार, चूड़ी मार्केट से होते हुए पोस्ट ऑफिस तक तथा फव्वारा चौक एवं गल्ला मार्केट क्षेत्र में अभियान चलाकर सड़क एवं सार्वजनिक मार्गों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान सभी व्यापारियों को सख्त हिदायत दी गई कि वे अपने निर्धारित क्षेत्र में ही सामान रखकर व्यवसाय करें तथा सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें। निगम अमले द्वारा मौके पर सामान जप्ती एवं चालानी कार्रवाई भी की गई।

इसके अतिरिक्त प्राप्त सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण कर संबंधित शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद कराया गया। निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यापारियों से शहर की यातायात व्यवस्था एवं स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

# महंगाई भाजपा सरकार के द्वारा निर्मित आपदा जिससे जनता जूझ रही: नकुलनाथ

### पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ी हुई कीमतों के चलते हर सामग्री होगी महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ी हुई कीमतों पर केन्द्र सरकार को जमकर घेरते हुए कहा कि यह भाजपा सरकार के द्वारा निर्मित आपदा है। जिससे देश, प्रदेश व जिले की जनता जूझ रही। महंगाई का असर पेट्रोल, डीजल या फिर अन्य सामग्री तक सीमित नहीं रहेगा, इसका समग्र असर जल्द ही दिखाई देगा।

खाद्य पदार्थ भी महंगे होंगे जिसका सीधा असर आम व्यक्ति की जेब पर पड़ेगा और वह आर्थिक रूप से कमजोर होगा। महंगाई को रोकने के लिए सरकार के पास कोई ठोस योजना नहीं है ना ही कोई दूरदृष्टि है जिसका दुष्परिणाम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि चुनाव के समय कीमतों को कृत्रिम रूप से स्थित रखा गया और चुनाव खत्म होते ही जनता पर बढ़ी हुई कीमतों का बोझ.डाल दिया।



चुनाव के समय भाजपा सरकार ने जानबूझकर पेट्रोल और डीजल सहित अन्य सामग्री के दामों को नियंत्रित कर रखा था। जबकि कांग्रेस ने सतत रूप से महंगाई की इस लहर की चेतावनी दी थी, जिसे भाजपा सरकार ने नजर अंदाज किया। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही सरकार ने जनता से महंगाई वसूलनी शुरू कर दी।

पहले से ही महंगाई का सामना कर रहे नागरिकों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालना सीधा आर्थिक अन्याय है। छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र में पेट्रोल सामान्य के दामों में 3 रुपए 28 पैसे की मूल्य वृद्धि के साथ अब 111 रुपए 27 पैसे प्रति लीटर प्राप्त होगा वहीं पॉवर पेट्रोल प्रति लीटर 120 रुपए 57 पैसे का मिलेगा।

डीजल पर सीधे 3.9 रुपए की वृद्धि के साथ 96.48 रुपए प्रति लीटर हो चुका है। गौर करने वाली बात यह है कि पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ी हुई कीमतें स्वयं तक सीमित ना होकर अन्य सामग्रियों पर भी प्रभाव डालती है जिससे वे भी तत्काल महंगे होते हैं जिसका असर किसान, युवा, गृहणी, नौकरीपेशा व व्यापार एवं उद्योग से जुड़ा हुआ प्रत्येक वर्ग प्रभावित होगा।

सरकार इस प्रभावों को पूरी तरह नजर अंदाज करते हुए महंगाई को इस तरह बढ़ा रही है कि वह आसमान छू चुकी और जनता का जमीन पर जीना मुश्किल हो चुका है और इसके लिए सीधे भाजपा सरकार जिम्मेदार है जो आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हो चुकी है। देश की आर्थिक नीतियों के साथ ही आम व्यक्ति की आय और बढ़ती हुई महंगाई के बीच का अंतर समझ नहीं आ रहा।

### सांसद अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच भी लगातार लोगों से मिलने के लिए निकाल रहे समय

# आमजनों के सुख-दुख में भी शामिल हो रहे सांसद साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

पांढुर्णा और छिंदवाड़ा जिले के आमजनों के साथ ही भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच लगातार लोगों के सुख-दुख में भी शामिल हो रहे है। अतिव्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पारिवारिक माहौल में चर्चा करना सांसद बंटी विवेक साहू के स्वभाव में शामिल हैं।

इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा शहर में बड़ा इमाम बाड़ा में पूर्व पार्षद मोहम्मद शाहिद और अल्तमश के निवास पहुंचकर



सौजन्य भेंट की। छोटी माता मंदिर के पास में भाजपा नगर मंडल मंत्री जित्तू मालवी के निवास स्थान पहुंचकर उनकी माताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये परिजनों से भेंट की। चंदनगांव मेन रोड में प्रमोद पाटनी व राज पाटनी के निवास स्थान पहुंचकर उनके अनुज के विवाह उपरांत सौजन्य भेंट की। शरण कम्पलेक्स तलैया मोहल्ला में शैलेंद्र जैन गब्बी के निवास स्थान पहुंचकर उनकी माताजी के निधन उपरांत परिजनों से भेंट कर सांत्वना दी। कुम्हारी मोहल्ला में पेंटर रामप्रसाद मालवी के निवास स्थान पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी के स्वर्गवास उपरांत परिजनों से मुलाकात करते हुये उन्हे सांत्वना दी।

सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा शहर में श्रेयांस लॉन में पहुंचकर मनीष गुप्ता के भाई स्व. कमलेश रामलाल गुप्ता के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये परिजनों को सांत्वना दी। वार्ड नं 25 में राम ठाकरे के निवास स्थान पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी और मनोहर ठाकरे की भाभी के स्वर्गवास उपरांत परिवारजनों को सांत्वना दी।

वार्ड नं 25 में ही चंदू कपाले और किशोर कपाले के निवास स्थान पहुंचकर उनकी माताजी पूर्व पार्षद श्रीमती लीला कपाले के निधन पर परिवारजनों के मुलाकात करते हुये उन्हे सांत्वना दी, वही वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद व कोचिंग संचालक रत्नाकर आवारे के निवास स्थान पहुंचकर उनकी माताजी के स्वर्गवास उपरांत उनके परिजनों से भेंट कर सांत्वना दी। वार्ड नंबर 34 में बूथ प्रभारी हेमंत गोहटे के निवास स्थान पहुंचकर सौजन्य भेंट करते हुये श्रद्धा गोहटे के विवाह की बधाई दी।

सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा शहर में वार्ड नंबर 34 में ही एकता कॉलोनी स्थित यशवंत राव वानखेडे के निवास स्थान पहुंचकर उनके सुपुत्र तुषार वानखेडे के विवाह की बधाई दी।

## एससी-एसटी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक आवेदन हेतु जागरूक करने के दिए निर्देश

# कॉलेज में विदेश अध्ययन योजनाओं को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांढुर्णा



शासकीय महाविद्यालय सौसर में विदेश अध्ययन योजना को लेकर जिला अधिकारी आदिवासी विकास विभाग पांढुर्णा श्री उमेश सातनकर द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य श्री इंद्रपाल राऊत एवं स्टाफ के साथ चर्चा की गई। बैठक में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा विदेश अध्ययन योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया।

इस दौरान श्री सातनकर ने एससी एवं एसटी वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र विद्यार्थियों को योजना के लाभ, आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकें।

बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ को विद्यार्थियों को जागरूक करने तथा आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए भी कहा गया। साथ ही योजनाओं के प्रचार-प्रसार के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों तक जानकारी पहुंचाने पर बल दिया गया, जिससे जिले के अधिक से अधिक एससी-एसटी विद्यार्थी विदेश अध्ययन के अवसरों का लाभ प्राप्त कर सकें।

## सौंसर में छात्रवृत्ति एवं शैक्षणिक योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**पांढुर्णा।** सौसर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला अधिकारी आदिवासी विकास विभाग पांढुर्णा श्री उमेश सातनकर द्वारा विकासखंड के समस्त शासकीय एवं अशासकीय प्राचार्यों की एमपीटीएएएस नेशनल पोर्टल स्कॉलरशिप के संबंध में वन टाइम रजिस्ट्रेशन की समीक्षा की गई। बैठक में संकुल स्तर पर ई-केवाईसी एवं बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूर्ण करने तथा स्कॉलरशिप सैंक्शन करने के साथ-साथ वन टाइम रजिस्ट्रेशन जनरेट करने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। विकासखंड में कक्षा आठवीं के 324 बच्चों को ड्रॉप बॉक्स से हटाकर शाला में दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री भास्कर गावंडे द्वारा साइकिल वितरण के लिए पात्र बच्चों को चिन्हित कर वितरण कार्य पूर्ण करने, समेकित छात्रवृत्ति, लैपटॉप वितरण तथा पाठ्य पुस्तकों की एजुकेशन पोर्टल पर प्रविष्टि संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। सभी लंबित कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने के लिए प्राचार्यों को निर्देशित किया गया।बैठक में प्राचार्य शैलजा बत्रा, विजय कुमार धुरडे, राधेश्याम सोनकुशरे, लहू सरोदे, कीर्ति सागर बागडे सहित अन्य प्राचार्य उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण को लेकर जागरूकता की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांढुर्णा

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ तथा जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के निर्देशन में एवं विकासखण्ड समन्वयक श्री दिलीप आठनेरे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था अवध विद्यापीठ शिक्षण समिति द्वारा ग्राम भंदारगोंदी में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत "जल स्त्रोत सेवा समागम" कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ग्रामीणों को ब्लॉक समन्वयक श्री दिलीप आठनेरे द्वारा जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल के दौरान उत्पन्न होने वाले जल संकट एवं उससे होने वाली समस्याओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। साथ ही जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## खुदरा मूल्य निर्धारण को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का ज्ञापन

**छिंदवाड़ा:**-अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा उपभोक्ताओं के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर नियंत्रण एवं उचित मूल्य तय करने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की गई। संगठन के प्रांतीय पर्यावरण प्रमुख लक्ष्मी नारायण सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सदैव उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कार्यरत है। वर्तमान में बाजार में कुछ व्यापारियों द्वारा मनमाने तरीके से अधिक मूल्य वसूला जा रहा है, जिससे आम जनता को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए कानून बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे बताया कि इस मुद्दे को लेकर देशव्यापी स्तर पर आंदोलन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 25 मई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा, जिसकी जानकारी भी जिला प्रशासन को दी गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के संभाग संगठन मंत्री बृजेश जैन, जिला अध्यक्ष विकास राजपूत, उपाध्यक्ष जय श्रीवास्तव सहित अंकित गोनेकर, प्रिंस जावरकर, मयंक बावरकर, आयुष मेहरा, मोंटी जावरकर, आदित्य, विशाल, सुमित, संदीप, मोहित सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने प्रशासन से मांग की है कि उपभोक्ताओं को राहत दिलाने हेतु जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएं, जिससे बाजार में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके।



# बैडमिंटन संघ ने किया उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



जिला बैडमिंटन संघ द्वारा प्रतिदिन निःशुल्क बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ओलंपिक स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में किया जा रहा है जिसमें लगभग 200 खिलाड़ी उत्साह पूर्वक हिस्सा ले रहे हैं।संघ अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने बताया कि बैडमिंटन हॉल में अखिल भारतीय बैडमिंटन स्पर्धा हैदराबाद एवं जूनियर स्पर्धा खरगोम में भाग लेने खिलाड़ियों सहित बैडमिंटन खेल के प्रशिक्षक एवं अंपायर्स को आयोजन समिति द्वारा विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव जावेद खान ने एवं आभार उपाध्यक्ष दीपक राज जैन ने किया । इस अवसर पर खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु समाजसेवी नरेंद्र साहू, संघ अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस, जिला जेल अधीक्षक प्रतीक जैन के साथ प्रशांत पराड़कर, डॉक्टर अनिल जैन, दीपक राज जैन, हरीश खंडेलवाल, विजय पवार, संजय विश्वकर्मा, राकेश चौरसिया सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने सभी से ग्रीष्मकाल को देखते हुए पशु - पक्षियों के लिए दाना - पानी रखने एवं छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने की अपील की।

## शास्त्रीय कलाओं की त्रिवेणी: 'कलासंगम' के वार्षिक उत्सव में नन्हे कलाकारों ने बिखेरी अपनी प्रतिभा की आभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



शहर के कला प्रेमियों के लिए आज का दिन अविस्मरणीय रहा, जब मेडिकल कॉलेज के सभागार (VIP रोड) में कलासंगम इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव एवं भरतनाट्यम वर्कशॉप उद्घाटन' समारोह संपन्न हुआ। भारतीय संस्कृति और शास्त्रीय कलाओं के इस अद्भुत संगम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

**प्रमुख हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति:** समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अनुसुइया उइके (पूर्व राज्यपाल) और विक्रम अहाके (महापौर, छिंदवाड़ा) उपस्थित रहे। इसके साथ ही विशेष अतिथि के रूप में अनुराधा नायडू (प्राचार्या, बालाजी पब्लिक स्कूल) ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष भारत डोले ने की। इस अवसर पर अतिथियों में श्रीमती एस. ब्राउन, शशिकांत सरदेश पाण्डेय, दिनेश भट्ट, प्रीति डोले, श्रीमती नम्रता चंदेल और गुलाबचंद वात्सल्य जैसे प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## सांसद ने जिलेवासियों को शनि जयंती पर दी शुभकामनाएं

**छिंदवाड़ा।** शनि जयंती के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। अपने शुभकामना संदेश में सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि वे शनि जयंती के अवसर पर भगवान शनि देव से प्रार्थना करता हूँ कि वे आप सभी को सुख, समृध्दि और अच्छी सेहत का आर्शीवाद दे। आपके जीवन की सभी बाधाएं दूर हो और आप सभी को अपनी मेहनत का उचित फल मिले। शनि देव के आर्शीवाद से आपका जीवन अनुशासित और शांतिपूर्ण बना रहे।

## सरपंच मोहन कहार को पितृ शोक

**परासिया** :- ग्राम पंचायत बरारिया के सरपंच मोहन कहार को पितृ शोक हुआ है । उनके पिता रतनू कहार का शुक्रवार को दुखद निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार शाम 4:00 बजे स्थानीय मोक्षधाम में किया जाएगा । सरपंच संघ परिवार की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की है ।

## झाड़ पर फंदे से लटका मिला शव

**शिवपुरी / परासिया** :- शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ठिसगोरा के जंगल में एक झाड़ पर फंदे से अधेड़ का शव लटका मिला ।जिसकी शिनाख्त माथनी निवासी 56 वर्षीय गन्नू ऊर्फ गणेश के रूप में की गई है । शव से बदबू आने के चलते अंदाजा लगाया जा रहा है , कि मृतक ने गुरुवार रात फांसी लगाई होगी । पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है ।

## पाक्सो एक्ट का ज्ञान हर छात्र को होना जरूरी: न्यायाधीश

**छिंदवाड़ा।** बालको के बढ़ रहे अपराधो इन विषयों की जानकारी देने के लिए जिला प्रधान न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्धार के निर्देशन मे सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य पर जागरूकता कार्यक्रम सोनी कम्प्यूटर एज्युकेशन गुलाबरा छिंदवाड़ा मे जागरूकता कार्यक्रम सोनी कम्प्यूटर के डारेक्टर मनोज सोनी की उपस्थिति मे किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने छात्रो को बताया की पाक्सो एक्ट की जानकारी के आभाव मे ही दिनो दिन अपराध बढ रहे हे , बढ़ते अपराधो को रोका तो नही जा सकता पर इसे न्यूनतम जागरूकता से किया जा सकता है ।इसलिए हर छात्र को पाक्सो एक्ट का ज्ञान जरूरी हे तभी हम सुरक्षित बच पायेंगे ।वो व्यक्ति जिनकी उम्र 18 से ऊपर की जिन्होने नाबालिग बच्चों के साथ लेंगिक शोषण हुआ हे एसे मामलो मे पिढ़ति को विक्टिम कंपंनशेसन भी देने का प्रावधान की जानकारी दु गई। वही प्रदेश मे महिला एवं बच्चों के अपराधों के प्रकरणों कि स्थिति से अवगत कराया साथ ही बालिकाओ के साथ छेड़खानी, शरारत. पीछा करना. मजाक करना किसी के घरो पर ताक झांक करना महिलाओं की फोटो व विडियो वायरल करना . सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर अंजान लोगो से दोस्ती करना वही सार्वजनिक स्थानों . यात्री बसो ट्रेनों घरो पर कार्यस्थलों पर किसी भी तरह की शरारत वह अपराध की श्रेणी मे आता है। विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव ने बताया की प्रदेश बे नाबालिग गुमशुदगी बालीका की स्थिति ओर बढ़ते हुये अपराध से अवगत कराया ।

# आत्मरक्षा व व्यक्तित्व निर्माण के लिये गोंगलई में 10 दिवसीय एनसीसी शिविर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



एनसीसी ग्रुप मुख्यालय जबलपुर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रितेश बहल के मार्गदर्शन में 6 म.प्र. बटालियन एनसीसी बालाघाट के तत्वावधान में 97 वां संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार 15 मई 2026 को शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट (गोंगलई) में प्रारंभ हो गया। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस 10 दिवसीय शिविर में बालाघाट जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे है।

शिविर में 15 मई से 24 मई तक कैडेट्स को योगा, पीटी, ड्रिल, शस्त्र विद्या, मैपरीडिंग, लीडरशिप, यातायात सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। आर्मी भर्ती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी कैडेट्स को दी जाएगी। शिविर का सबसे आकर्षक हिस्सा फायरिंग रहेगा, जिसमें हर कैडेट को फायरिंग का अवसर मिलेगा। इसके अलावा वॉलीबॉल, खो-खो, रस्साकसी जैसे खेल गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, जो शारीरिक दक्षता बढ़ाने में मदद करेंगी।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान व्यक्तित्व विकास, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान आयोजित किए जाएगा जिसमें एनसीसी अधिकारी और पीआई स्टाफ पूरे शिविर में कैडेट्स के मार्गदर्शन के लिए मौजूद रहेंगे।

किरनापुर, लांजी, बालाघाट, बैहर और छिंदवाड़ा क्षेत्र के उत्साही एनसीसी कैडेट्स इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। एनसीसी अधिकारियों का कहना है कि यह शिविर न केवल कैडेट्स को सैन्य अनुशासन सिखाएगा बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, अनुशासित और देशभक्त नागरिक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिविर 24 मई 2026 को समापन समारोह के साथ संपन्न होगा।

# लांजी अस्पताल की 'बीमार' सोनोग्राफी मशीन पर बवाल

### करोड़ों की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल, गर्भवती महिलाएं भटकने को मजबूर, जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन की चेतावनी



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** लांजी सिविल अस्पताल में बंद पड़ी सोनोग्राफी मशीन को लेकर क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ मोनू पशीने ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर मशीन को चालू कराने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो अस्पताल प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन और उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मामले ने एक बार फिर स्वास्थ्य सुविधाओं की जमीनी हकीकत पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

इस संबंध में सौरभ पशीने ने बताया कि तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना लिखीराम कावरे ने कोरोना काल के बाद अपनी विधायक निधि से प्रसूति महिलाओं और गरीब मरीजों की सुविधा के लिए सिविल अस्पताल लांजी को सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराई थी। शुरुआती दौर में सप्ताह में एक बार सोनोग्राफी जांच की सुविधा मिल रही थी, लेकिन पिछले काफी समय से मशीन बंद पड़ी है। बताया जा रहा है कि प्रशिक्षित टेक्नीशियन के अभाव में यह सुविधा पूरी तरह ठप हो गई है। इसका खामियाजा सीधे तौर पर मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। विशेषकर गर्भवती महिलाओं को जांच कराने के लिए बालाघाट या गोंदिया जाना पड़ रहा है, जहां उन्हें 2500 से 3000 रुपये तक अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। दूर-दराज की यात्रा और आर्थिक बोझ ने गरीब परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

हैरानी की बात यह है कि एक ओर लांजी सिविल अस्पताल को नेशनल क्वालिटी मैनेजमेंट टीम द्वारा बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए रैंकिंग मिल रही है, वहीं दूसरी ओर सोनोग्राफी जैसी अत्यंत आवश्यक सुविधा बंद पड़ी है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं कि जब अस्पताल को उत्कृष्ट सुविधाओं का दर्जा मिल रहा है, तो मरीजों को यह मूलभूत सुविधा क्यों नहीं मिल रही। नगर अध्यक्ष पशीने ने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर से तत्काल तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति कर मशीन चालू कराने की मांग की गई है। ज्ञापन की प्रतिलिपि स्वास्थ्य मंत्री, रोगी कल्याण समिति, पूर्व विधायक हिना कावरे सहित संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है। लोगों का साफ कहना है कि अब केवल आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहिए।

# घर में आग लगने से 3 लाख रुपये का सामान जलकर खाक



### ग्राम गर्रा की घटना

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** रामपायली के गर्राटोला में गुरुवार की सुबह उस समय हडक़ंप मच गया, जब किसान प्रहलाद बिसेन के घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग भडक़ उठी। सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच लगी आग ने कुछ ही पलों में विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। धुएं और आग की लपटों से इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया।

परिजनों ने तुरंत वारासिवनी दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने ग्रामीणों के साथ मोर्चा संभालते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों की फुर्ती और सूझबूझ से आग आसपास के मकानों तक नहीं पहुंच सकी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

बताया जा रहा है कि घर के बिजली मीटर में हुए शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी। आग इतनी भीषण थी कि घर में रखा सामान, अनाज और जरूरी वस्तुएं जलकर राख हो गईं। किसान को करीब 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

इस दौरान दमकलकर्मी सूरज करकाडे, उमेश चौरे, संतोष बिसेन और उमेश भंवरे ने बहादुरी दिखाते हुए आग पर नियंत्रण पाया और बड़ी दुर्घटना टाल दी।

# जनजातीय महोत्सव में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

### महिलाओं और बच्चों की हुई जांच, कुपोषित बच्चों को वितरित की गई पोषण किट

**बालाघाट।** एसडीएम बैहर अर्पित गुप्ता के मार्गदर्शन में 15 मई शुक्रवार को नगर परिषद बैहर के टाउन हॉल में जनजातीय महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही।

महोत्सव के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने महिलाओं को पोषण, स्वच्छता एवं बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती यशवंती गुड्डा मरकाम ने आंगनवाड़ी केन्द्रों के कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना शासन की प्राथमिकता है तथा ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जनजातीय महोत्सव के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग बैहर एवं बिरसा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे तथा आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर एसएसपी महाविद्यालय में राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर 14 मई 2026 को एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार की थीम प्रेक्टिकल एंड क्रेएटिव एप्लीकेशन ऑफ साइंसिटिफ नालेज रखी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वर्चुअल सरस्वती वंदन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। यह वेबीनार महाविद्यालय की प्राचार्य सरिता कोल्हेकर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसे मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित किया गया था।

कार्यक्रम संयोजक एवं रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष मोहनीश इडपाचे ने बताया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस प्रतिवर्ष 11 मई को मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1998 में पोखरण में हुए सफल परमाणु परीक्षण और भारत की तकनीकी आत्म निर्भरता की उपलब्धियों की याद दिलाता है। वेबीनार में दो मुख्य विषय विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। प्रथम विशेषज्ञ के रूप में वसीम आर शेख सहायक प्राध्यापक मुलजी जेठा कॉलेज ने विज्ञान को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे प्रेशर कुकर, कूलर एवं एसी की कार्यप्रणाली से जोड़ते हुए वैज्ञानिक आधार पर समझाया। द्वितीय विशेषज्ञ के रूप में एन नदीम अफ्रोज सहायक प्राध्यापक इस्लामिया कॉलेज वानियामबाडी ने वैज्ञानिक सृजनशीलता मॉडल के तीन प्रमुख आयामों रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक ज्ञान एवं वैज्ञानिक जांच कौशल पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केवल विचार और ज्ञान ही नहीं, बल्कि उन्हें परखने और सिद्ध करने की क्षमता ही वैज्ञानिक सृजनशीलता को पूर्ण बनाती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग की सहायक प्राध्यापक सविता सेनवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं विभाग के सदस्य इमरान खान द्वारा प्रथम विशेषज्ञ का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग की अतिथि विद्वान नंदिनी टेंभरे, मोनिका सोनी एवं मनोज गजभिये सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि विद्वान उपस्थित रहे।

# तिरोड़ी पुलिस जांच में जुटी, जंगल में मिली महिला की सड़ी-गली लाश



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम कोयलारी में शुक्रवार की सुबह एक विवाहित महिला का सड़ा-गला शव जंगल में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। तेंदूपत्ता तोड़ने गए संग्राहकों ने जब लाश देखी तो भय और आशंका का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्काल सरपंच को सूचना दी और फिर पुलिस को खबर दी गई। ग्राम कोयलारी के तेंदूपत्ता संग्राहक शुक्रवार की सुबह सीतापठोर से कोयलारी के बीच बहने वाली राजीव सागर बांध की नहर के तरफ पत्ते तोड़ने गए थे। इसी दौरान उन्हें एक महिला की लाश दिखाई दी। लाश लगभग पूरी तरह से सड़ चुका थी और आसपास भयंकर दुर्गंध फैली हुई थी। संग्राहक तुरंत गांव लौटे और सरपंच को इसकी जानकारी दी। सरपंच ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तिरोड़ी थाना प्रभारी रूद्र मिश्रा, उपनिरीक्षक डी.आर. पटले और आरक्षक मौके पर पहुंचे। लाश करीब आठ दिन पुरानी होने का अनुमान लगाया गया है। शरीर पूरी तरह से गल चुका था जिस कारण मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि लाश से एक आर्टिफिशियल मंगलसूत्र बरामद किया गया है जिस कारण महिला के विवाहित होने का अनुमान लगाया गया है। दोपहर करीब 1 बजे एफएल (फॉरेंसिक लैब) की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल की सूक्ष्मता से जांच शुरू कर दी है। एक दिन पहले ही यानी गुरुवार को ही गांव के कुछ लोगों के बीच जंगल में लाश होने की चर्चा शुरू हो गई थी। लेकिन शुक्रवार की सुबह यह खबर पूरे गांव में फैल गई। लोग भयभीत हो गए और तरह-तरह की अटकलें लगाने लगे है। जंगल में लाश मिलने के कारण हत्या, आत्महत्या और वन्य प्राणी के हमले से मौत जैसे पहलुओं को जोड़कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### ईव्हीएम वेयर हाउस का कलेक्टर ने किया मासिक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर ने ईव्हीएम वेयर हाउस बींझावाड़ा का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस में रखी ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयर हाउस में सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए तथा अभिलेखों का नियमित एवं व्यवस्थित संधारण किया जाए। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस में उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सीएल चनाप सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का सिवनी आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**
सिवनी। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का 16 मई को सिवनी में प्रथम आगमन होने जा रहा है। उनके दौरे को लेकर जिले में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शुभम राजपूत ने जानकारी दी कि प्रदेश अध्यक्ष के नगर प्रवेश को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**कई स्थानों पर होगा भव्य और ऐतिहासिक स्वागत**

शुभम राजपूत ने बताया कि नगर प्रवेश के दौरान प्रदेश अध्यक्ष का विभिन्न स्थानों पर युवा मोर्चा टीम द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यकर्ताओं में इस दौरे को लेकर विशेष जोश और सक्रियता देखी जा रही है।

**एचडीएफसी बैंक के सामने विशेष स्वागत कार्यक्रम**

प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के आगमन पर एचडीएफसी बैंक के सामने युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शुभम राजपूत के नेतृत्व में विशेष और ऐतिहासिक स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रहने की संभावना है, जिससे कार्यक्रम को शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा जा रहा है।

**नगर प्रवेश से लेकर भाजपा कार्यालय तक रहेगा उत्सव जैसा माहौल**

प्रदेश अध्यक्ष का काफिला नगर प्रवेश से लेकर विभिन्न स्वागत स्थलों से होते हुए भाजपा कार्यालय तक पहुंचेगा। पूरे मार्ग में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत की तैयारी की गई है। श्याम टेलर के सिवनी दौरे ने युवा मोर्चा संगठन में नई ऊर्जा का संचार किया है।

### शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी में सत्र 2026-27 हेतु विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 04 मई 2026 से प्रारंभ हो चुका है, जो 29 मई 2026 तक किया जा सकेगा।
महाविद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि दसवीं परीक्षा के आधार पर विभिन्न इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं डीटीई मध्यप्रदेश पोर्टल पर लॉगिन कर स्वयं अथवा एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन पूर्ण कर सकते हैं।
छात्रों की सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन की निशुल्क व्यवस्था शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी में उपलब्ध कराई गई है। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी के लिए हेल्प डेस्क नंबर 9329937239, 8109406225, 9424341380, 9993798079, 6260272805, 9691208547 एवं 9518721846 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अगर पुलिस समय पर मदद करती तो मेरा भाई आज जिंदा होता

### अकबर वार्ड हत्याकांड ने खोली पुलिस व्यवस्था की पोल

### मृतक के भाई का फूटा गुस्सा, गुहार लगाते रहे, लेकिन नहीं मिली सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**अकबर वार्ड में हुई सनसनीखेज हत्या की घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। इस हत्याकांड के बाद मृतक के परिजनों का दर्द अब पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। मृतक का भाई बार-बार यही कह रहा है कि अगर पुलिस पहले मदद करती, तो शायद मेरा भाई आज जिंदा होता।**



परिजनों का आरोप है कि हत्या से पहले ही उन्होंने संभावित खतरे की जानकारी पुलिस को दी थी और सुरक्षा की गुहार लगाई थी, लेकिन उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। अब घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है और लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।
स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस दिखावे और औपचारिकताओं में ज्यादा व्यस्त दिखाई देती है। रोजाना शाम को पैदल मार्च और कानून व्यवस्था के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सवाल यह उठ रहा है कि जब पीड़ित परिवार पहले ही खतरे की आशंका जता चुका था, तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हुई?
अकबर वार्ड की इस दर्दनाक घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय पर हस्तक्षेप होता, तो शायद एक परिवार उजडऩे से बच सकता था। जिलेवासियों में इस घटना को लेकर भारी रोष है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ पुलिस की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है। नागरिकों का कहना है कि केवल पैदल मार्च और दिखावटी सख्ती से कानून व्यवस्था नहीं संभलती, बल्कि समय पर संवेदनशील कार्रवाई ही असली पुलिसिंग कहलाती है। क्या आम नागरिक की शिकायत अब केवल कागजों तक सीमित रह गई है?

# लू से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

### मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जन-समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचने के लिए एडवायजरी जारी की गई है।

एडवाइजरी में जन सामान्य को लू से बचाव हेतु अपनाई जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला गया है। एडवाइजरी के मुताबिक़ पानी, छांछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना का सेवन करने से लू से बचा जा सकता है। इसके साथ ही धूप में निकलते समय सिर ढककर रखना चाहिए। धूप में निकलते समय कपड़े, टोपी या छतरी का उपयोग करना चाहिए। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिए और शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना चाहिए।
मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार सूर्य दाह या सनबर्न होने पर प्रभावित को त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, सिरदर्द के लक्षण प्राप्त होने पर उसे बार-बार नहलाना चाहिए। यदि फफोले निकल आएं हो तो स्टरलाइज ड्रेसिंग करनी चाहिए और डॉक्टर की सलाह लेना चाहिए। ताप के कारण शारीरिक ऐठन, पैर एवं पेट की मांसपेशियों तथा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफ और अत्यधिक पसीना आने पर प्रभावित को तत्काल छाँवदार स्थल पर ले जाना चाहिए। शरीर का वह भाग जहां ऐंठन हो रही हो, उसे जोर से दबाना चाहिए और धीरे-धीरे सहलाना चाहिए। लू लगाने पर प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना भी पिलाया जा सकता है। इस दौरान प्रभावित को उबकाई आने पर शीतल पेय पिलाना तुरंत बंद कर देना चाहिए और उसे फौरन नजदीकी प्राथमिक चिकित्साकेन्द्र पर ले जाना चाहिए।
इसके अलावा अत्यधिक थकावट एवं शारीरिक खिंचाव का अनुभव होने की स्थिति में प्रभावित को अत्यधिक पसीना, कमजोरी, सिरदर्द, शरीर ठंडा और पीला पड़ जाने एवं नब्ज कमजोर पड़ जाने, मूर्छित हो जाने और उल्टी जैसे लक्षण प्राप्त होने पर प्रभावित को छायादार स्थल पर लिटा कर शरीर पर ठंडे औरगीले कपड़े से स्पंजिंग करना चाहिए। यदि संभव हो तो उसे वातानुकूलित कमरे में ले जाना चाहिए।तापदाह (हीट स्ट्रोक) की स्थिति में अत्यधिक बुखार, अत्यधिक गर्म एवं सूखी त्वचा, तेज नब्ज या बेहोशीपर तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुँचाना चाहिए और प्रभावित को डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

## शनि जयंती के पर अवसर पूजन अर्जन के साथ सहस्त्रधारा अभिषेक आज



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी नगर के प्रथम प्राचीन श्री शनि मंदिर रेलवे क्रॉसिंग छिंदवाड़ा रोड में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री शनि जयंती दिनांक 16 मई को ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष उदया तिथि अमावस्या भरणी नक्षत्र दिन शनिवार को प्रातः पूजन अर्जन के साथ अभिषेक से प्रारंभ होगी।मंदिर व्यवस्थापक जगदीश गुप्ता ने बताया कि सहस्त्रधारा अभिषेक प्रातः 6 बजे शुरू होकर तत्पश्चात श्रृंगार आरती होगी। शाम 4:00 बजे हवन महा आरती के बाद सायं 7:00 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। नगर के सभी धर्म प्रेमी बंधु भगिनियों से विनम्र आग्रह है कि अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाएं।

## सीबीएसई कक्षा 12वीं में तेजस्व जैन ने 79% अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केंद्रीय विद्यालय के छात्र तेजस्व जैन ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा में 79% अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। तेजस्व जैन की इस उपलब्धि से पिता सुजीत जैन एवं माता अमिता जैन सहित पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों द्वारा लगातार बधाइयाँ दी जा रही हैं। मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर प्राप्त इस सफलता ने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा दी है। विद्यालय परिवार ने तेजस्व जैन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# सुहागिन स्त्रियों का महापर्व वटसावित्री पूजन कार्यक्रम छपारा में आज

होगा महा रुद्र अभिषेक सामूहिक हवन संगीतमय माहौल में नारी शक्तियो के द्वारा सामूहिक वटवृक्ष का पूजन और शिव शक्ति की आराधना सत चण्डी यज्ञ स्थल पर

**बरघाट।** हमारे देश भारत में विभिन्न तरह के त्यौहार परंपरा अनुसार भारतीय संस्कृति के अनुसार मनाया जाते हैं उन्ही त्योहारों पर्वो में से सबसे अधिक भक्ति भाव के साथ मनाया जाने वाला व्रत त्योहार वटसावित्री पूजन भी सम्मलित हैं जिस पूजन से मानव कल्याण निश्चित रूप से फलदायक होता है, जिसे मानव समाज सहित ईश्वरीय भाव भी प्रकट करता है जिसमे वटसावित्री पूजन बिना किसी कामनाओं के बगैर किये जाने से भी वटसावित्री पूजन करने वाले मनुष्य को ईश्वरीय ज्ञान व भक्ति मार्ग मानव कल्याण समाज कल्याण जगत उद्धार, की आपार संभावनाएं विधमान हो जाती है वटसावित्री पूजन का मोक्छदाई पूजन कहलाता है जो मानव जीवन को हर एक पल में प्रगतिशील ,यशस्वी जीवन जीने की प्रेरणा और शुभफल दायक पूजन वट सावित्री पूजन कहलाता है जो मानव समाज मनुष्य की जीवन रेखा को मजबूती कीर्तिमान उज्जवल भविष्य दीर्घायू जीवन जीने की प्रेणा देता है वटसावित्री पूजन चहुंओर धर्म संस्कृति, और पवित्रता का प्रहरी कहलाता है जिसको करने वाला मनुष्य इस लोक सहित परलोक में भी कष्टदाई फल नही पाता है वटसावित्री पूजन महा फलदाई होता है सुख ध्यान और पवित्रता परंपरा और ईश्वर भक्ति को पाने का सुगम मार्ग प्रशस्त करता है।
इसी तरणम्य में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी पावन तपोभूमि धाम मां शारदा मंदिर शतचंडी यज्ञ स्थल छपारा श्री बालयोगी तपस्वी बालब्रह्मचारी मोहनदास जी महाराज जी के सानिध्य में वट सावित्री पूजन दिनाक 16/05/2025 दिन शनिवार को आयोजित किया गया है कार्यक्रम आयोजक श्री बालयोगी तपस्वी मोहनदास जी महाराज ने बताया कि वटसावित्री पूजन प्रत्येक वर्ष पावन तपोभूमि धाम मां शारदा मंदिर शतचंडी यज्ञ स्थल छपारा में विगत 21 वर्षो से समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासियों के द्वारा भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है।



**होंगे विभिन्न धार्मिक विधि विधान अनुसार अनुष्ठान**

पावन तपोभूमि सिद्धेश्वरी मां शारदा मंदिर छपारा में पूरे वर्ष भर ही समय समय पर विभिन्न अनुष्ठान किए जाते है जिसमें से वटसावित्री पूजन विशेष कर महिलाओं के लिए आयोजित किया जाता है और सतचंडी यज्ञ पूर्व समय में इसी स्थल पर आयोजित किया गया था विगत 21 वर्ष से निरंतर सामूहिक सतचंडी यज्ञ की याद में भी आयोजित किया जाता है । जिसमे शाम 4 बजे से सामूहिक हवन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। श्री बालयोगी तपस्वी मोहनदास जी महाराज ने बताया दिनांक 16/05/2025 दिन शनिवार को सुबह 11 बजे से वट सावित्री पूजन के पहले सुबह 8 बजे से महारुद्राभिषेक करना अधिक पुण्यदाईं माना गया है इसलिए वट सावित्री पूजन के साथ महा रुद्राभिषेक पूजन सुबह 8 बजे से कार्यक्रम स्थल शतचंडी यज्ञ स्थल छपारा में आयोजित किया जाएगा महा रुद्राभिषेक एक विशेष फलदाई पूजन कहलाता है जिसे करने से भगवान देवाधिदेव महादेव की कृपा निश्चित रूप से मानव समाज पर विद्यमान होती है साथ ही सर्वजन संगीतमय रूप से मां जगत जननी महादेवी की आराधना पूजन व संगीतमय महाआरती शाम 6 बजे की जाएगी जो सिद्धेश्वरी मां शारदा मंदिर छपारा वटसावित्री स्थल में आयोजित है।

**अत्यंत विशेष फलदाई होता है सुहागिन स्त्री के लिए वटसावित्री पूजन**



सनातन संस्कृति में वटसावित्री पूजन सुहागिन स्त्रीयो के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है। सुहागिन स्त्रियो के लिया माता पार्वती ओर महादेव की कृपा प्राप्त करने के लिए सबसे अधिक पुण्यशाली वट सावित्री पूजन कहलाता हे प्रत्येक वर्ष में एक बार वट सावित्री पूजन का अवसर समस्त क्षेत्र को मिलता है जो यह पूजन अनंत शुभ फलदाई है वट सावित्री पूजन सुबह 11 बजे से आरंभ किया जाएगा सर्व विधि-विधान अनुसार वट सावित्री पूजन कर हवन पूजन व महाआरती की जाएगी आगे श्री महंत बालयोगी तपस्वी बाल ब्रह्मचारी मोहनदास जी महाराज ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में विशाल भंडारा का आयोजन और सामूहिक हवन का कार्यक्रम भी सम्मिलित किया गया है जिसमें समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील बारंबार की जाती है।

# प्रभारी कलेक्टर राठौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनगणना कार्यों उपार्जन व्यवस्था एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की

प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर जनगणना कार्यों, उपार्जन व्यवस्था एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उन्होंने जनगणना कार्यों की चार्ज अधिकारवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आगामी 2 दिवस के भीतर लंबित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों में गुणवत्ता, समय-सीमा एवं डाटा की शुद्धता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा।
उपार्जन कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रभारी कलेक्टर ने सभी उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उपार्जन केंद्रों में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए पेयजल, छायादार प्रतीक्षालय, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली, तौल व्यवस्था एवं परिवहन संबंधी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करने तथा किसानों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उपार्जित गेंहू के सुरक्षित भंडारण एवं समय पर परिवहन की व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया।
सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि शिकायतों का निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए सभी अधिकारी शिकायतों के निराकरण में गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर शिकायतों के शीघ्र एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। अधिकतम शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु शनिवार एवं रविवार को कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने अधिकारियों से फील्ड स्तर पर भी सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए।

**विस्फोटक अधिनियम के तहत जिले में संयुक्त जांच एवं निरीक्षण अभियान जारी**

प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर के निर्देशानुसार जिले में सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विस्फोटक अधिनियम के तहत सघन जांच एवं निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है।
अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित विस्फोटक भंडारण केंद्रों, लाइसेंस धारकों के प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का निरीक्षण कर स्टॉक की चेकिंग एवं भौतिक सत्यापन की कार्रवाई की जा रही है।
निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम द्वारा लाइसेंस की वैधता, लाइसेंस की शर्तों के पालन, भंडारित विस्फोटक सामग्री की मात्रा, रिकॉर्ड संधारण एवं स्टॉक रजिस्टर का मिलान किया गया। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि विस्फोटक सामग्री का भंडारण निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं शासन द्वारा तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं।
अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्थाओं, चेतावनी संकेतकों, आपातकालीन प्रबंधन व्यवस्था एवं परिसर की सुरक्षा स्थिति का भी अवलोकन किया गया। संबंधित संचालकों को निर्देशित किया गया कि विस्फोटक सामग्री के रख-रखाव, परिवहन एवं उपयोग में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सार्वजनिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले में इस प्रकार की संयुक्त जांच एवं निगरानी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

### बारापत्थर स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में होगा बट सावित्री पूजन आज

आज नगर के बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समता नगर प्राचीन वट वृक्ष स्थित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में बट सावित्री का पूजन विधि विधान से किया जाएगा। पुजारी पंडित मोहन पांडेजी ने बताया कि दिनांक 16 मई 2026 दिन शनिवार ज्येष्ठ अमावस्या के दिन सुहागिन महिलाएं वट सावित्री व्रत रखकर वट वृक्ष का पूजन करेंगी। वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में प्रातः 6 बजे से पूजन का क्रम प्रारंभ हो जाएगा जो अनवरत दिनभर चलेगा। व्रती महिलाएं वट वृक्ष के नीचे सावित्री-सत्यवान और यमराज का ध्यान कर विधिवत पूजन करेंगी। वट वृक्ष में कच्चा सूत लपेटकर 7 या 108 परिक्रमा की जाएंगी। सत्यवान-सावित्री की कथा का श्रवण भी होगा।

सिवनी का बेटा नागपुर में कमा रहा है नाम

# बिग बॉस और मास्टर शेफ विनर गौरव खन्ना के हाथों नवेद आज़मी सम्मानित

**सिवनी।** गत 12 मई को नागपुर के होटल रेजेन्टा में एसजेएम इवेंट ऑर्गेनाइजर द्वारा एक भव्य अवॉर्ड फंक्शन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मॉडल्स, डिजाइनर्स, मेकअप आर्टिस्ट, फोटोग्राफर्स, मीडिया रिपोर्टर्स और स्पॉन्सर्स ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अभिनेता गौरव खन्ना के हाथों ट्रॉफी, मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसी अवॉर्ड फंक्शन में नवेद आज़मी को बेस्ट मीडिया चैनल संचालन के लिए सम्मानित किया गया। सिवनी से ताल्लुक रखने वाले नवेद आज़मी आज नागपुर में अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर पहचान बना रहे हैं। नवेद आज़मी ऑस्टियोजेनेसिस इम्परफेक्टा (ओआई) नामक बीमारी से पीड़ित हैं। यह एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी होती है, जिसमें शरीर की हड्डियां बेहद कमजोर हो जाती हैं और मामूली चोट लगने पर भी फ्रैक्चर होने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद नवेद आज़मी लगातार मीडिया क्षेत्र में सक्रिय रहकर समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। गौरव खन्ना भारतीय टेलीविजन इंडस्ट्री का एक जाना-माना नाम हैं। उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी सीरियलों में अभिनय कर दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई है। हाल ही में उन्होंने रियलिटी शो सेलिब्रिटी मास्टर शेफ का खिताब जीतकर भी काफी सुर्खियां बटोरी थीं।



## चमारी उपकेंद्र में 5 एम.व्ही.ए से 10 एम.व्ही. ए.पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि

**सिवनी।** जिले के लखनादौन संभाग अंतर्गत वितरण केंद्र गणेशगंज के 33/11 केवी उपकेंद्र चमारी में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किया गया है। सिवनी वृत्त के पी.के. गेडाम के निर्देशन एवं लखनादौन संभाग के सी.बी. पटेल के मार्गदर्शन में छपारा जनपद क्षेत्र के उपकेंद्र चमारी में पूर्व में स्थापित 5 **MVA** पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 10 **MVA** कर दी गई है। इस कार्य से क्षेत्र के किसानों एवं आम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने की आशा की जा रही है। गौरतलब है कि हर वर्ष रबी सीजन के दौरान क्षेत्र में सिंचाई हेतु बिजली की मांग बढ़ने के कारण किसानों को लो वोल्टेज की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता था। इससे कृषि कार्य प्रभावित होते थे और किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की जा रही थी। जिसके चलते अब उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि के बाद चमारी सहित आसपास के 46 गांवों में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। विशेष रूप से किसानों को सिंचाई कार्य के लिए बेहतर व स्थिर वोल्टेज उपलब्ध हो सकेगा, जिससे कृषि उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। साथ ही घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं को भी बेहतर बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

## बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड

# ग्राम पंचायत पिंडरई में 25 लाख की स्कूल बाउंड्रीवाल में भ्रष्टाचार का आरोप

**सिवनी/कुरई।** मामला ग्राम पंचायत पिंडरई, तहसील कुरई, जिला सिवनी का है, जहां स्थित शासकीय एकीकृत प्राथमिक-माध्यमिक विद्यालय में 25 लाख रुपये की लागत से बनाई गई बाउंड्रीवाल में भारी भ्रष्टाचार होने के आरोप सामने आए हैं।
यह विद्यालय खवासा-तिरोड़ी हाईवे से लगा हुआ है। पिंडरई और पीपरवानी के बीच तीन डोलोमाइट पत्थर क्रेशर मशीन संचालित हैं, जिनके भारी ट्रकों का दिनभर आवागमन बना रहता है। इसके अलावा बावनथड़ी क्षेत्र से रेत सप्लाई करने वाले तेज रफ्तार ट्रक लगातार इस मार्ग से गुजरते हैं। हाल ही में पिंडरई में नायरा पेट्रोल पंप शुरू होने के बाद सडक़ पर वाहनों की संख्या और बढ़ गई है।
स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले वर्ष ग्रामीण रविन्द्र चौहान अपनी बेटियों से मिलने विद्यालय जा रहे थे, तभी ट्रक की चपेट में आने से उनकी दर्दनाक मौत हो गई थी। विद्यालय के पीछे एक तालाब एवं गांधी स्टेडियम स्थित है, जहां अक्सर क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। ऐसे में छोटे बच्चे कई बार खेल देखने के लिए विद्यालय परिसर से बाहर निकल जाते हैं। शिक्षकों के लिए पूरे समय सभी बच्चों पर निगरानी बनाए रखना संभव नहीं होता। इसी कारण ग्रामीणों ने लंबे समय से विद्यालय परिसर की सुरक्षा के लिए मजबूत बाउंड्रीवाल की मांग की थी।



ग्रामीणों के प्रयासों के बाद शासन द्वारा 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई, लेकिन आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव खेमराज पंचभाए एवं सरपंच श्रीमती करुणा मुरली कुमरे द्वारा मजबूत बाउंड्रीवाल के बजाय घटिया एवं कमजोर निर्माण कर राशि का दुरुपयोग किया गया।

**घटिया सामग्री से निर्माण करने का आरोप**

निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय निवासी संतोष डहरवाल, अक्षय बोपचे, हर्ष बोपचे, आदित्य मोरे, अंशुल देशमुख एवं विश्वास आव्हाड ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण में कच्ची एवं काली ईंटों का उपयोग किया जा रहा था तथा सरिया भी निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं लगाया जा रहा था। ग्रामीणों द्वारा आपत्ति दर्ज कराने के बाद इंजीनियर एवं सरपंच पति मुरली कुमरे को मौके पर बुलाया गया। आरोप है कि शिकायत के बाद केवल ऊपर की कुछ ईंटें बदलकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया, जबकि अंदरूनी निर्माण में वही खराब सामग्री उपयोग होती रही। ग्रामीणों का कहना है कि दीवार की सही तरीके से तराई भी नहीं की गई, जिसके कारण सीमेंट और रेत का मसाला हाथ लगाने पर झडऩे लगता है। इससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जनता महंगाई से त्रस्त, अधिकारियों ने की वाहनों में कटौती

# बालाघाट में पेट्रोल के बढ़े दाम, डीजल 96 के पार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में शुक्रवार को बड़ी वृद्धि दर्ज की गई। पेट्रोल 3.28 रुपये महंगा होकर 111.31 रुपये प्रति लीटर हो गया, जबकि डीजल की कीमत 3.09 रुपये बढ़कर 96.52 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई। इस वृद्धि से पहले बालाघाट में पेट्रोल 108.03 रुपये और डीजल 93.43 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था।



एक अन्य घटनाक्रम में, प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर प्रशासनिक अधिकारियों ने वाहन पूलिंग कर कार्यालय पहुंचे। अपर कलेक्टर और अन्य प्रशासनिक अधिकारी एक वाहन में आए, जबकि संयुक्त कलेक्टर मायाराम कोल और डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार कौरव दूसरे वाहन में कलेक्टर के साथ पहुंचे।

शुक्रवार को शहर के तीन पेट्रोल पंप – मोती नगर पुलिस पेट्रोल पंप, काली पुतली और पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित पेट्रोल पंप – ईंधन की अनुपलब्धता के कारण बंद रहे। हालांकि, संचालकों ने बताया कि ऑर्डर दिया जा चुका है और रिजर्व स्टॉक में ईंधन है। रात तक वाहन पहुंचने के बाद बिक्री फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में इस वृद्धि का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है, जिससे उनका मासिक बजट और बिगड़ गया है। नागरिकों ने सरकार से महंगाई पर अंकुश लगाने और रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल सहित अन्य खाद्य पदार्थों पर लगने वाले टैक्स हटाने की मांग की है।

युवक प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि पेट्रोल-डीजल महंगा होने से अन्य वस्तुओं के दामों पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि डीजल के दाम बढ़ने से परिवहन भाड़ा भी महंगा होगा, जिसके परिणामस्वरूप खाद्य तेल, रसोई गैस, अनाज, सब्जी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें और बढ़ जाएंगी, जिसका सीधा बोझ आम जनता पर पड़ेगा।

# निलंबन की कार्यवाही दोषपूर्ण, संगठन ने सौंपा ज्ञापन

## वनमंडलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग






हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

निलंबित वनरक्षक शरीफ खान के समर्थन में वन एवं वन्यप्राणी सरंक्षण, कर्मचारी संघ बालाघाट ने मोर्चा खोल दिया हैं। बीते 9 मई को वनपरिक्षेत्र अधिकारी लामता सामान्य को वनमंडलाधिकारी उत्तर सामान्य बालाघाट के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की हैं।

बीते दिनो वनरक्षक शरीफ खान को एक वायरल ऑडियो क्लिपिंग के चलते निलंबन की कार्यवाही की गई थी। मिली जानकारी अनुसार वन एवं वन्यप्राणी सरंक्षण, कर्मचारी संघ बालाघाट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की हैं। निष्पक्ष जांच नही होती हैं तो उपरोक्त संगठन के द्वारा गहरा आक्रोश व्यक्त किया जाएगा। दोषपूर्ण कार्यवाही से वनकर्मचारियों का मनोबल गिरेगा, संगठन ने अपने आवेदन पर मांग की हैं।

### क्या हैं पूरा मामला

वनपरिक्षेत्र लामता में पदस्थ लामता सर्किल प्रभारी नीतू गिरी गोस्वामी तथा वनरक्षकों के मध्य कार्यप्रणाली को लेकर आपसी मतभेद हो जाता हैं। बीटगार्ड चंद्रशेखर शुक्ला तथा बीटगार्ड सुरेन्द्र रंगारे तथा शरीफ खान और अन्य तीन मिलकर उपरोक्त सर्किल प्रभारी के विरूद्ध कार्यप्रणाली को लेकर वनमंडलाधिकारी बालाघाट को ज्ञापन सौंप कर न्याय संगत जांच की मांग करते हैं, किन्तु जांच अधिकारी के द्वारा जांच रिपोर्ट वनमंडलाधिकारी को सौंप दिया जाता हैं। वनमंडलाधिकारी रेशमसिंह धुर्वे ने हरिभूमि को जानकारी देते हुए बताया कि जांच अधिकारी ने रिपोर्ट कार्ड में बताया कि आवेदक और अनावेदक के मध्य सामन्जस्य स्थापित हो गया हैं। जिसके चलते विषय को नश्तीबद्ध कर दिया गया हैं। किन्तु शिकायतकर्ता वनरक्षकों ने बताया कि तीन वनरक्षक सर्किल प्रभारी के पक्ष में सहमत होकर कहा कि निकट भविष्य में सर्किल प्रभारी की कार्यप्रणाली संतोषजनक रहेगी। इस आधार पर उन्होंने विषय को नश्तीबद्ध करने की सहमति प्रदान की, जबकि बीटगार्ड चंद्रशेखर शुक्ला, बीटगार्ड सुरेन्द्र रंगारे, बीटगार्ड शरीफ खान अपनी मांग पर अड़े रहें और उपरोक्त सर्किल प्रभारी पर कार्यवाही की मांग करते रहें।

### वरिष्ठ अधिकारियों ने तीनों वनरक्षकों को बारी-बारी से साईडलाईन कर दिया


बीटगार्ड सुरेन्द्र रंगारे को बीट बुढ़ियागांव में अवैध उत्खनन प्रकरण में लापरवाही बरतने के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया। वहीं बीटगार्ड चंद्रशेखर शुक्ला वनरक्षक महेकापाटा बीट भाग-1 एवं भाग-2 को वन चौकी परसाटोला पश्चिम बैहर में आगामी आदेश तक पदस्थ कर दिया जाता हैं। वहीं शरीफ खान पर निलंबन की गाज गिराते हुए आगामी आदेश तक बिरसा सालेटेकरी छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर दण्ड स्वरूप भेज दिया जाता हैं।

उपरोक्त तीनों वनरक्षक सर्किल प्रभारी पर कार्यवाही की मांग पर अड़े हुए थे। वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही करते हुए तीनों को साईड लाईन लगा दिया गया हैं।

बीते 9 मई को निष्पक्ष जांच की मांग करने वाले कर्मचारियों में रजत बोपचे, यश भैरम, हिमांशु डहरवाल, दिशा दमाहे, दिलीप बांते, राहुल श्रीवास्तव, बसंती नरवरिया, संतोष गोलेन्द्र, स्वपनिल जंघेला, सीता रावत, अनिल शर्मा, नीरज खटीक, तुलसीदास तिवारी, देवांशु कुमार, फय्याज कुरैशी, रविन्द्र शर्मा, सरस्वती परते, महेन्द्र तिवारी, आरीफ खान, डी.एस. मसराम, साजिद खान, राजकुमार टेकाम और अन्य।

### चर्चा में एसडीओ तरूण डहेरिया..

उपवनमंडलाधिकारी उकवा तरूण डहेरिया अपनी कार्यप्रणाली को लेकर पूरे महकमें में चर्चा का विषय बने हुए हैं। युवा एसडीओ अपनी पदस्थापना के बाद से चर्चा में रहें हैं। वनपरिक्षेत्र लामता रेंजर तथा बीटगार्ड शरीफ खान की वेतन काटने को लेकर पूरे महकमें में चर्चा का विषय बन गए हैं।



लामता सर्किल प्रभारी के द्वारा प्रोटोकॉल का पालन न करते हुए सीधा एसडीओ से पत्र व्यवहार करना विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। सूत्र बताते हैं कि सर्किल प्रभारी को पहले वन परिक्षेत्र अधिकारी को पत्र व्यवहार करना चाहिए किन्तु सीधा एसडीओ से पत्र व्यवहार करना प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया जा रहा हैं। एसडीओ के द्वारा शासकीय वाहन का अपने निजी कार्यों में उपयोग करना भी उन्हें सुर्खियों में लाता हैं।

# महर्षि विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन, 96 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96 प्रतिशत के साथ सफलता अर्जित की है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों में खुशी का माहौल छा गया।विद्यालय से इस वर्ष कुल 27 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 26 विद्यार्थी सफल रहे, जबकि एक विद्यार्थी को पूरक प्राप्त हुआ। खास बात यह रही कि विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए। मेरिट सूची में अपना दबदबा कायम रखा। विद्यालय की छात्रा ख्याति ठाकरे ने 93.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंशिका मसकरे ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। प्राची ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई। तथा आराध्या बाजपाई ने 85.8 प्रतिशत व मृदुल पारधी ने 84.4 प्रतिशत बनाकर विद्यालय का नाम रोशन कियाविद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस सफलता को उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। संस्था के प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया ने सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

## 2588 किसानों से 75 हजार 700 क्विंटल गेहूँ की हुई खरीदी

**बालाघाट।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत बालाघाट जिले में 13 केन्द्रों पर किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए जिले के 4388 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। 15 मई तक जिले के 2588 किसानों से 75 हजार 700 क्विंटल गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 11 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है और यह राशि उनके बैंक खाते में पहुंच गई है।जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराने वाले 4388 किसानों में से 2912 किसानों ने गेहूँ विक्रय के लिए अपना स्लाट बुक कराया है।

## 20 मई को रहेंगी सभी दवा दुकानें बंद



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट मेडिकल एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने शुक्रवार को आईएम अध्यक्ष डॉ. बीएम शरणागत और सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप को एक ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने केंद्र सरकार पर केमिस्टों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए अवैध ई-फार्मेसी को बंद करने की मांग की। चेतावनी दी गई है कि यदि सरकार ई-फार्मेसी पर रोक नहीं लगाती है, तो 20 मई को पूरे देश के साथ बालाघाट जिले की सभी दवा दुकानें बंद रहेंगी।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेश सोनी और उपाध्यक्ष प्रियंक वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान ई-फार्मेसी को अनुमति दी गई थी। हालांकि, महामारी समाप्त होने के बाद भी इसे बंद नहीं किया गया है, जिससे दुकान चलाने वाले थोक और खुदरा केमिस्टों को भारी नुकसान हो रहा है।

एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रियंक वर्मा ने बताया कि ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट (AIOCD) लगातार केंद्र सरकार से ई-फार्मेसी को बंद करने की मांग कर रहा है। लेकिन, सरकार इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे दवा विक्रेताओं में भारी रोष है। इसी कारण 20 मई को देशव्यापी दवा दुकान बंद का आह्वान किया गया है।

वर्मा ने आरोप लगाया कि ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म सरकारी नियमों में ढील का फायदा उठा रहे हैं। बिना भौतिक सत्यापन के दवाओं की बिक्री हो रही है और एक ही प्रिस्क्रिप्शन पर बार-बार दवाएं बेची जा रही हैं। उन्होंने बताया कि एआई-आधारित फर्जी प्रिस्क्रिप्शन के जरिए एंटीबायोटिक्स और नशीली दवाओं की अनियंत्रित उपलब्धता एंटी-माइक्रोबियल रेसिस्टेंस जैसे बड़े खतरे को जन्म दे रही है, जो सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

ई-फार्मेसी का संचालन कर रहे बड़े कॉर्पोरेट संस्थान डीप डिस्काउंट के माध्यम से बाजार में संतुलन बिगाड़ रहे हैं। एसोसिएशन ने जिले के दवा उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 19 मई को ही अपनी आवश्यक दवाएं खरीद लें, ताकि उन्हें 20 मई को होने वाली हड़ताल के दौरान किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# नाबालिग बालिका को आत्महत्या के लिये उकसाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की हट्टा पुलिस ने एक नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में ढाई महीने बाद एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सालेटेका निवासी रोहित पिता अशोक चामलाटे (21) के रूप में हुई है। उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी और नाबालिग पहले से परिचित थे। युवक नाबालिग से शादी करना चाहता था, लेकिन लड़की के नाबालिग होने के कारण यह संभव नहीं हो सका। इसके बाद से युवक लगातार उसे परेशान कर रहा था।

बताया जाता है कि 22 फरवरी को नाबालिग और युवक के बीच फिर से विवाद हुआ था। इसके बाद नाबालिग ने एक सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगा ली थी।

थाना प्रभारी अविनाश राठौड़ ने बताया कि 22 फरवरी को थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच में सामने आया कि बालिका की सालेटेका निवासी युवक से जान-पहचान और मित्रता थी। युवक लगातार फोन पर बालिका के संपर्क में रहता था और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। पुलिस ने बताया कि नाबालिग ने युवक की मानसिक प्रताड़ना से आहत होकर आत्महत्या की थी। उसके सुसाइड नोट में भी युवक द्वारा प्रताड़ित किए जाने की बात लिखी थी। सुसाइड नोट की हस्तलिपि विशेषज्ञ से जांच कराई गई, जिसमें लिखावट नाबालिग की पाई गई। जांच के उपरांत आरोपी युवक पर बालिका को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप सही पाया गया। इसके बाद उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 107 के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



इस पूरी कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक विजय कुमार पटले, प्रधान आरक्षक निखिलेश अग्निहोत्री, नंदकिशोर ठाकुर और कमलेश भौतेकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वन रक्षक का गजब कारनामा

# सागौन की अवैध कटाई कर महाराष्ट्र में बेचा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के दक्षिण वन मंडल सामान्य वन परिक्षेत्र कटंगी के अंतर्गत आने वाले कन्हडगांव सर्कल के आम्बेझरी बीट में घटित घटना ने पूरे वन विभाग को हिला कर रख दिया है। वन रक्षक संतोष चौबे और उनके दो वन चौकीदारों पर 6 बेशकीमती सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई कर उन्हें महाराष्ट्र प्रांत में बेचने का कथित आरोप लगने का मामला सामने आया है। इस घटना ने फिर एक बार वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। परिक्षेत्र सहायक ओ.पी.जगने के मुताबिक आम्बेझरी कक्ष क्रमांक 570 में वन रक्षक संतोष चौबे ने अपने दो चौकीदारों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से सागौन के पेड़ों की कटाई कराई है यह मामला उनके संज्ञान में आया। मौका निरीक्षण और चौकीदारों सहित वन रक्षक के बयान के आधार पर प्रतिवेदन बनाकर वन परिक्षेत्र अधिकारी को भेजा गया है। परिक्षेत्र अधिकारी बी.एल.चढ़ार ने बताया की विभागीय कार्रवाई जारी है। बता दें सागौन, को जंगल का सोना कहा जाता है। सागौन अपनी मजबूती और टिकाऊपन के कारण अत्यधिक मूल्यवान माना जाता है। जिसके पेड़ों को काटकर कथित तौर पर महाराष्ट्र में बेच दिया गया। वहीं सबूत मिटाने के लिए पेड़ों के ठूंठों पर आग लगा दी गई ताकि किसी को कटाई का प्रमाण न मिल सके। लेकिन वन विभाग की सतर्कता और डिप्टी रेंजर ओमप्रकाश जगने की त्वरित कार्रवाई ने इस षड्यंत्र को उजागर कर दिया। 13 मई को विभागीय अफसरों के संज्ञान में यह मामला आया। जिसके बाद जांच कार्रवाई शुरू की गई है।



**वन रक्षक और चौकीदारों के लिए गए कथन:** जंगल से पेड़ों की कटाई की सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर ओमप्रकाश जगने मौके पर पहुंचे। निरीक्षण करने पर उन्होंने पाया कि आम्बेझरी बीट में सागौन के पेड़ों की कटाई की गई है। गहन जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि इस अवैध कार्य में बीट गार्ड संतोष चौबे और उनके दो चौकीदार सीधे तौर पर शामिल हैं। चौकीदारों ने अपने कथन में बताया कि संतोष चौबे ने पेड़ों की कटाई कर महाराष्ट्र के लोभी गांव में सागौन बेचा है जबकि वन रक्षक ने अपने कथन में ठीक इसके विपरित बात बताई है। वन रक्षक के अनुसार उसे सूचना मिली थी कि सागौन की अवैध तस्करी हो रही थी। जिसका वह पीछा कर रहे थे। डिप्टी रेंजर ने तीनों के कथनों के आधार पर प्रतिवेदन बनाकर आगे की कार्रवाई के लिए इसे कटंगी रेंज अधिकारी को सौंप दिया।

**वन रक्षक की करतूत से वन विभाग पर सवाल:** वन विभाग का मुख्य कार्य जंगलों की सुरक्षा, वन्यजीवों का संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन है। लेकिन जब विभाग के ही कर्मचारी अवैध गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं, तो यह पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि यदि निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था मजबूत न हो, तो जंगलों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस मामले में भी वन रक्षक और चौकीदारों पर कठोर कार्रवाई की संभावना है। रेंजर के मुताबिक दोषियों पर विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

तिरोड़ी के बोथवा में हाइवा डंपर जब्त, थाना तिरोड़ी में रखा गया वाहन

# अवैध गिट्टी परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 15 मई 2026 को उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम ने तहसील तिरोड़ी के ग्राम बोथवा में जांच अभियान चलाया।

जांच के दौरान टीम ने एक हाइवा डंपर क्रमांक CG-04-JD-1048 को अवैध रूप से खनिज गिट्टी का परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। वाहन की जांच करने पर आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके बाद विभागीय अमले ने वाहन को खनिज गिट्टी सहित जब्त कर लिया है। वाहन चालक की पहचान आशीष वाघाडे पिता चम्बरू वाघाडे निवासी ग्राम दरासीकला, तहसील कुरई, जिला सिवनी के रूप में हुई है। जब्त वाहन को अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना तिरोड़ी की अभिरक्षा में रखा गया है।

कार्रवाई में खनिज निरीक्षक श्री बसंत कुमार पाटिल, खनि सिपाही रजनीश तिवारी एवं दिलशाद कुरैशी शामिल रहे। विभाग द्वारा बताया गया कि उक्त वाहन के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## 17 मई को राजीव सागर बांध से बावनथडी नदी में छोड़ा जाएगा पानी

**बालाघाट।** जिले में भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते पेयजल संकट के बीच आमजन को राहत देने के लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राजीव सागर बांध के डाउन स्ट्रीम में स्थित बावनथडी नदी में 17 मई को पानी छोड़ा जाएगा, जिससे नदी किनारे बसे गांवों में पेयजल समस्या का समाधान हो सकेगा। जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग के कार्यपालन यंत्री श्री यू.एस. परते ने बताया कि 17 मई को प्रातः 11:30 बजे राजीव सागर बांध के मुख्य द्वार (रेडियल गेट) खोलकर बावनथडी नदी में 06 एमसीएम पानी प्रवाहित किया जाएगा। इस निर्णय से नदी तटवर्ती क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़ेगी और ग्रामीणों को राहत मिलेगी। प्रशासन ने बावनथडी नदी के किनारे बसे ग्रामों के ग्रामीणों एवं किसानों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। लोगों को नदी के तट एवं तल के पास न जाने, मवेशियों को नदी में न ले जाने तथा मोटर पंप एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं नदी किनारे या नदी में न रखने की सलाह दी गई है,

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com